## प्रारुप–6

# प्रारम्भिक संयुक्त निरीक्षण रिपोर्ट का प्रारूप

**कार्य का नाम :– जनपद पौड़ी गढ़वाल में विधानसभा क्षेत्र लैन्सडौन के अन्तर्गत मैन्दोली–परिन्दा–बौठा मोटर मार्ग का विस्तार डेरियाखाल तक निर्माण हेतु 1.800हे0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यो हेतु लो0नि0वि0 को प्रत्यावर्तन।**

आज दिनाँक 13.12.14 को **लो0नि0वि0,लैन्सडौन,वन विभाग एवं राजस्व विभाग** के प्रतिनिधियों के द्वारा बौठा से डेरियाखाल तक प्रस्तावित मार्ग/परियोजना को बनाये जाने हेतु स्थल निरीक्षण किया गया। संयुक्त निरीक्षण के समय वन विभाग की ओर से **श्री राकेश वेदवाल वनबीट अधिकारी, राजस्व विभाग की ओर से श्री सुभाष लिंगवाल, राजस्व उपनिरीक्षक प्रस्तावक विभाग की ओर से श्री सन्तोष भारद्वाज, कनिष्ठ अभियन्ता, व श्री महिपाल सिह, अमीन अन्य दावेदारों की ओर से श्री सतेश्वर प्रसाद बौठियाल ग्राम बौठा तथा स्थानीय प्रतिनिधि के रुप में श्रीमती सरिता बिष्ट, ग्राम परिन्दा** के द्वारा प्रश्नगत परियोजना को बनाने हेतु सर्वश्रेष्ठ स्थल/समरेखन के चयन तथा अन्य वैकल्पिक स्थलों/समरेखनो के चयन हेतु भाग लिया गया ।

संयुक्त निरीक्षण में पाया गया कि सामाजिक आवश्यकता, परिस्थितिक आवश्यकता, आर्थिक मितव्यता तथा तकनीकी आवश्यकता के दृष्टि से जो समरेखन/स्थल सर्वथा उपयुक्त पाया गया है उसमें **1000मी0** नाप **2000मी0** आरक्षित वन भूमि प्रभावित होगी एवं इस समरेखण/स्थल के चयन में कुल **0.90हे0** नाप भूमि **1.800 हे0**आरक्षित वन भूमि की आवश्यकता होगी। जिनमें से कुल **1.80हे0** भूमि के हस्तान्तरण की आवश्यकता होगी । इस समरेखन पर/चुने गये स्थल पर लगभग 92वृक्ष **चीड़,कुकाट** प्रजाति के इस परियोजना के निर्माण से प्रभावित होगें (प्रभावित होने वाले इन वृक्षों के अतिरिक्त 10–20व्यास वर्ग श्रेणी के 22वृक्ष चीड़ के भी प्रभावित होगें) बांज प्रजाति का कोई वृक्ष प्रभावित नही हो रहे है।

इस समरेखण के तुलना में जो वैकल्पिक समरेखण देखे गये उसमें **800मी0** नाप भूमि तथा **2200मी0** आरक्षित वन भूमि प्रभावित होगी एवं इस समरेखण/स्थल के चयन में कुल **0.72हे0** नाप भूमि **1.98हे0** आरक्षित वन भूमि की आवश्यकता होगी। जिनमें से कुल **1.98हे0** भूमि के हस्तान्तरण की आवश्यकता होगी । इस समरेखन पर /चुने गये स्थल पर लगभग **130** वृक्ष चीड़,बांज, कुकाट प्रजाति के इस परियोजना के निर्माण से प्रभावित होंगे,जिनमें से **16** वृक्ष बांज प्रजाति के प्रभावित होंगें।

अतः परियोजना के निर्माण हेतु चयनित विकल्प संख्या प्रथम के वन भूमि के अतिरिक्त अन्य वैकल्पिक एवं उपयुक्त भूमि उपलब्ध नहीं है तथा इस चुने गये वन भूमि की मांग न्यूनतम है।

चयनित उपयुक्त स्थल/समरेखण आरक्षित वन **04** कक्षों से गुजरेगा/में स्थित है। इन कक्षों की वर्तमान वन आच्छादन **10–40 प्रतिशत** है एवं इन कक्षों में चीड़, कुकाट प्रजाति के वन हैं। प्रभावित होने वाली नाप भूमि पर कोई वृक्ष मौजूद नही है। चुने गये समरेखन का प्रारम्भ होने के स्थल का GPS मान $78^0$41' 34.68"E/ $29^0$50' 53.12" N है तथा यह स्थल ग्राम बौठा से प्रारम्भ होता है समरेखण का अन्तिम स्थल डेरियाखाल है जिसका GPS मान $78^0$42' 5.18"E/ $29^0$50' 20.88" N है। चुने गये समरेखण/स्थल के बीच के स्थलों के GPS मान $78^0$41' 53.38"E/ $29^0$50' 22.62" N हैं।

*(पेज–2)*

चयनित समरेखन में कुल 114 पौधों को अन्य स्थानन्तरित (translocate)किया जाना आवश्यक होगा ।
चयनित उपयुक्त स्थल/समरेखण किसी राष्ट्रीय पार्क/वन्य जीव अभ्यारहण्य का हिस्सा नही है ।
चयनित उपयुक्त स्थल/समरेखण के चयन से ग्रामवासियों के परम्परागत अधिकारों का हनन नही होगा ।

इस समरेखण पर मैन्दोली–परिन्दा–बौठा मोटर मार्ग का विस्तार डेरियाखाल तक के निर्माण के दौरान जो मलवा उत्सर्जित होगा उसके निस्तारण हेतु ग्राम बौठा के 4 न0 स्थल उपयुक्त पाये गये हैं जिनका GPS मान (1) 78⁰41' 49.00"E/ 29⁰51' 4.40" N (2) 78⁰41' 40.20"E/ 29⁰50' 57.75" N (3) 78⁰41' 34.31"E/ 29⁰50' 51.63" N (4).78⁰41' 31.75"E/ 29⁰50' 40.96" N हैं।

इस परियोजना का निर्माण जनहित में आवश्यक है प्रस्तावित मोटर मार्ग का निर्माण कार्य अभी आरम्भ नही किया गया है। वन अधिनियम 1980 के तहत स्वीकृति मिलने के पश्चात ही निर्माण कार्य आरम्भ किया जायेगा।

महिपाल सिंह रावत
अमीन
प्रा0खण्ड,लो0नि0वि0।

सन्तोष भारद्वाज
कनिष्ठ अभियन्ता
प्रा0खण्ड,लो0नि0वि0।

सहायक अभियन्ता
प्रा0खण्ड,लो0नि0वि0
लैन्सडौन गढ़वाल।

अधिशासी अभियन्ता
प्रा0खण्ड,लो0नि0वि0
लैन्सडौन गढ़वाल।

राकेश वेदवाल
वन वीट अधिकारी
बाडियूं बीट।

वन क्षेत्राधिकारी
लैन्सडौन राजि
लैन्सडौन।

उपप्रभागीय वनाधिकारी
लैन्सडौन वन प्रभाग

राजस्व उप निरीक्षक
पट्टी कौडिया।

प्रतिहस्ताक्षरित
तहसीलदार
लैन्सडौन।

प्रतिहस्ताक्षरित
उपजिलाधिकारी
लैन्सडौन।

प्रतिहस्ताक्षरित
जिलाधिकारी
गढ़वाल।

सतेश्वर प्रसाद
सतेश्वर प्रसाद बौठियाल
(अन्य दावेदार)
प्रतिनिधि

सरिता बिष्ट
13/12/14
सरिता बिष्ट
(जन प्रतिनिधि)
प्रतिनिधि

प्रभागीय वनाधिकारी
लैन्सडौन वन प्रभाग
कोटद्वार।